# एम0एल0के0(पी0जी0) कालेज, बलरामपुर

दिनांक 29.05.2025

## सत्र 2025–26 हेतु स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेशके लिए आवश्यक सूचना

समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश प्रक्रिया निम्नानुसार होगी –

1. छात्र/छात्राओं को सर्वप्रथम माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के समर्थ पोर्टल की लिंक (https://mpublpadm.samarth.edu.in/) पर दिनांक 27 मई, 2025 से 30 जून, 2025 तक पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण करने हेतु छात्र/छात्राओं के पास व्यक्तिगत मोबाइल नम्बर और ईमेल आई0डी0 अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।
2. पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान OTP छात्रों के मेल आई0डी0 पर जायेगी।
3. पंजीकरण के लिए छात्र/छात्राओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर, पहचान पत्र (जैसे मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि की स्कैन कॉपी जोकि 500 kb तक होगी) को अपलोड करना होगा।
4. पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान पंजीकरण शुल्क के रूप में रू0 100.00 लिया जायेगा जो ऑनलाइन जमा करना होगा।
5. पंजीकरण के उपरान्त छात्र/छात्राओं को एक पंजीकरण संख्या (Registration Number) आवंटित की जायेगी जिसे छात्रों को अपने पास सुरक्षित रखना होगा।
6. पंजीकरण प्रक्रिया के सम्पन्न होने के उपरान्त छात्र/छात्राएँ अपने पंजीकरण विवरण का प्रिन्ट लेकर अपने पास रख लेंगे जिसमें पंजीकरण संख्या अंकित हो।
7. पंजीकरण संख्या को लेकर छात्र/छात्राएँ महाविद्यालय में प्रवेश हेतु उपस्थित होंगे। प्रवेश दिनांक 01.07.2025 से प्रारम्भ की जायेगी।
8. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं को हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की अंकपत्र–प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र आदि की स्कैन कापी रखनी होगी। परास्नातक में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं को स्नातक की मार्कशीट भी रखनी होगी।
9. महाविद्यालय में प्रवेश फार्म एवं प्रास्पेक्टस का वितरण दिनांक 17 जून, 2025 से पटल सं0–06 से किया जायेगा जिसका मूल्य रू0 900.00 है।

(प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय)
प्राचार्य